हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 10 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 19 मार्च से 25 मार्च 2021

### हे प्रभु !

कोई चुनाव मत करिए. जीवन को ऐसे अपनाइए जैसे वो अपनी समग्रता में है.

– अज्ञात

### अनमोल विचार

आप जितने लोगों को चाहें उतने लोगों को प्रेम कर सकते हैं- इसका ये मतलब नहीं है कि आप एक दिन दिवालिया हो जायेंगे, .

- अज्ञात

### नजरिया

प्रसन्नता सद्भाव की छाया है; वो सद्भाव का पीछा करती है. प्रसन्न रहने का कोई और तरीका नहीं है.

-संपादक

# दिल्ली में कोरोना से बढ़ा डर, सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुलाई आपात बैठक




**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने आज कोरोना पर आपात बैठक बुलाई है। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेल्थ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा करेंगे। दिल्ली सचिवालय में होने वाली इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। अपको बता दें कि दिल्ली में बुधवार को 70 दिन बाद एक दिन में सबसे अधिक 536 नए लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। इससे पहले 6 जनवरी को दिल्ली में 654 मामले आए थे।वहीं, दिल्ली सरकार ने होम आइसोलेशन वाले मरीजों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिला प्रशासन को अपने इलाके में सर्विलांस टीम को फिर से सक्रिय करके होम आइसोलेशन वाले कोरोना मरीजों की निगरानी बढ़ाने को कहा है। दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक अभी दिल्ली में संक्रमण की दर एक फीसदी से कम है, लेकिन कुछ दिनों से सक्रिय मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों के लापरवाही बरतने की कुछ शिकायतें भी मिली हैं। इसलिए निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। कोरोना जब पीक पर था, उस समय सरकार होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों की मोबाइल लोकेशन पर नजर रखती थी। लेकिन बीते कुछ समय से जब कोरोना संक्रमण की दर में कमी आई तो इसमें थोड़ी ढील दी गई। लेकिन अब फिर से सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़ रही है। दोबारा मोबाइल केजरिए सर्विलांस बढ़ाया जाएगा। जिलास्तर पर एक टीम भी गठित की जाएगी जो होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों के घर जाकर जांच करेगी कि वह घर पर मौजूद है कि नहीं है।दिल्ली में सक्रिय मरीजों की संख्या 2702 हुई बुधवार को 536 नए मामलों के बाद दिल्ली में सक्रिय मरीजों की संख्या भी बढ़कर 2702 हो गई है।इसके साथ ही दिल्ली में कोरोना के कुल मरीज 6,45,025 हो गए हैं। इनमें से 6,31,375 मरीज कोरोना से ठीक हो चुके हैं।

## रेप पीड़िता के पहले के व्यवहार से उसकी सहमति साबित नहीं होती – दिल्ली कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बलात्कार के मामले में आरोपी मुंबई के एक टीवी पत्रकार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता और आरोपी के बीच पहले हुए अनुभवों के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि पीड़िता ने अपने साथ यौन संबंध बनाने के लिए सहमति दी थी।विशेष न्यायाधीश संजय खनगवाल ने वरुण हिरेमठ द्वारा दायर जमानत याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि यदि पीड़ित महिला ने अदालत के सामने पेश हुए साक्ष्यों में यह कहा है कि उसने सहमति नहीं दी थी



# आखिरकार हटाए गए मुंबई के पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह

## हेमंत नागराले बने मुंबई पुलिस के नए आयुक्त



**मुंबई:** चार दिन से चल रही राजनीतिक गहमागहमी के बीच मुंबई के पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को उनके पद से हटाकर महानिदेशक होमगार्ड जैसी कम महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उनके स्थान पर अब तक राज्य के पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी संभाल रहे हेमंत नगराले को मुंबई का पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इस परिवर्तन को विपक्षी दल भाजपा द्वारा लगातार बनाए गए दबाव का परिणाम माना जा रहा है। पिछले शनिवार को देर रात केंद्रीय जांच एजेंसी एनआइए द्वारा की गई सचिन वझे की गिरफ्तारी से सरकार पर दबाव बढ़ गया था। वझे के खिलाफ एनआइए को एक के बाद एक सबूत मिलते जा रहे थे। वझे की गिरफ्तारी के बाद यह खुलासा भी हुआ कि अंटीलिया मामले से चर्चा में आई इनोवा कार लगातार मुंबई पुलिस मुख्यालय में ही स्थित क्राइम इंटेलीजेंस यूनिट (सीआईयू) के बाहर ही खड़ी रही।एपीआइ सचिन वझे ही इस कार का उपयोग करते रहे। वह सीधे रिपोर्ट भी पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को ही करते रहे हैं। इसलिए सरकार पर दबाव बढ़ते देख रविवार को ही राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मिलकर इस मामले को ठीक से हैंडल न किए जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की और यह नसीहत भी दी कि इस मामले में किसी को बचाने का प्रयास न किया जाए। पवार की उद्धव ठाकरे से मुलाकात के बाद भी बैठकों का सिलसिला रुका नहीं। सोमवार, मंगलवार और आज दोपहर बाद तक महाविकास अघाड़ी के नेताओं की बैठक का सिलसिला लगातार चलता रहा। मंथन इस बात पर हो रहा था कि परमबीर सिंह को हटाने का संदेश कहीं गलत तो नहीं जाएगा।

# एनआइए का दावा, सचिन वझे तो बस एक मोहरा, बड़े खिलाड़ियों के इशारों पर कर रहा था काम मिले सुबूत



**मुंबई :** में मुकेश अंबानी के घर के पास विस्फोटक लदी स्कार्पियो बरामद होने के मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) का दावा है कि इस मामले में कई बड़े खिलाड़ी शामिल हैं। इनके इशारे पर ही सचिन वझे काम कर रहा था। वझे को एनआइए ने शनिवार को गिरफ्तार किया था। एनआइए की जांच में इस बात की पुष्टि हो गई है कि विस्फोटक लदी स्कार्पियो के पास पीपीई पहने जिस व्यक्ति के होने की बात कही जा रही थी वह वझे ही था। जांच एजेंसियों को गुमराह करने के मकसद से उसने पीपीई किट के नीचे ढीला कुर्ता-पाजामा पहन रखा था। उसने सिर पर रुमाल भी बंधा था। एनआइए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि इस मामले में कई बड़े लोगों के शामिल होने के सुबूत मिले हैं। सचिन वझे तो एक मोहरा है। वह इन शातिर खिलाड़ियों के निर्देश पर काम कर रहा था। इनमें से कुछ लोगों को जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।बुधवार शाम एनआइए की एक टीम वझे को दक्षिण मुंबई के बाबुलनाथ इलाके में ले गई। बाद में उसे माहिम की खाड़ी के पास भी ले जाया गया।एनआइए के अनुसार टेलीग्राम एप पर पोस्ट किए गए आतंकी संगठन जैश-उल-हिंद के एक पत्र में फिरौती मांगने और घटना की जिम्मेदारी लेने की भी जांच की जाएगी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पहले ही इंडियन मुजाहिदीन के एक साथी तहसीन अख्तर को हिरासत में ले लिया है, जो बम बनाने में माहिर है।एनआइए ने बताया कि घटना वाले दिन वझे ही अपनी सरकारी इनोवा गाड़ी के साथ विस्फोटक लदी स्कार्पियो को मुकेश अंबानी के घर के पास खड़ी कराने गया था। एनआइए इस इनोवा को बरामद कर चुकी है। इसके साथ ही मंगलवार को एनआइए ने वझे द्वारा इस्तेमाल की जा रही एक मर्सिडीज भी बरामद की है।

# महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे और गृह मंत्री अमित शाह के बीच हुई बहस पीएम मोदी ने दिया दखल



**मुंबई :** देश के कुछ हिस्सों में हाल में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को एक बैठक हुई। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बीच बहस हो गई। सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, उद्धव ठाकरे द्वारा दिए गए आंकड़ों से गृह मंत्री शाह सहमत नहीं थे।

इसी बीच गृह मंत्री ने सही आंकड़ा बताना शुरू कर दिया। सूत्रों ने बताया कि एक समय ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई कि दोनों नेता एक साथ बोलने लगे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दखल दिया और उद्धव एवं शाह को चुप कराया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री से भी सवाल पूछे और आंकड़ों पर स्पष्टीकरण के साथ डिटेल रिपोर्ट मांगी। वहीं, हेल्थ मिनिस्ट्री के प्रजेंटेशन में 70 जिलों पर फोकस देते हुए बताया गया कि कैसे बढ़ते केस के चलते उन जिलों में विशेष सावधानी की जरूरत है।

# 26/11 हमले के दौरान RDX से भरा बैग ले चल पड़े थे मुंबई पुलिस के नए कमिश्नर हेमंत नगराले



**मुंबई।** मुंबई पुलिस के नए कमिश्नर हेमंत नगराले महाराष्ट्र में कई अहम पदों पर रहते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट के छात्र रहे नगराले 1987 बैच के आइपीएस हैं। उनकी पहली तैनाती नक्सल बहुल जिले चंद्रपुर में एएसपी के तौर पर हुई थी। सोलापुर में तैनाती के दौरान उन्होंने 1992 के दंगों को कुशलतापूर्वक नियंत्रित किया था। रत्न ागिरी में एसपी के तौर पर एनराल-दाभोल मामले को संभाला था। वे प्रतिनियुक्ति पर सीबीआइ में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ताज होटल पर आतंकी हमले के दौरान उन्होंने आरडीएक्स से भरे बैग को बरामद कर उसे खुद सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया था। बाद में होटल में फंसे लोगों को बाहर निकालने में भी मदद की थी। वे नवी मुंबई के पुलिस कमिश्नर रह चुके हैं। जनवरी 2021 से वे महाराष्ट्र पुलिस महानिदेशक की अतिरिक्त जिम्मेदारी देख रहे थे। गोल्फ और टेनिस के शौकीन नगराले राष्ट्रपति पदक, विशेष सेवा पदक और आंतरिक सुरक्षा पदक से सम्मानित हो चुके हैं। वे जूडो में ब्लैक बेल्ट धारक हैं। अखिल भारतीय पुलिस खेलों में भी वे कई पदक जीत चुके हैं। गौरतलब है कि मुंबई में पुलिस अधिकारी सचिन वझे को लेकर बीते चार दिनों से चल रही राजनीतिक गहमागहमी के बीच मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को पद से हटाकर महानिदेशक होमगार्ड जैसी जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

# पति के आत्महत्या मामले में प्रेमी व पत्नी पर मामला दर्ज



**विरार :** अनार्ला पुलिस ने एक पुरुष के आत्महत्या मामले में उसकी पत्नी व पत्नी के प्रेमी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत के किया है।आरोप यह है कि,पत्नी और पत्नी का प्रेमी ने उसे आत्महत्या करने को मजबर किया था। मिली जानकारी के अनुसार,रविन्द्रकुमार मेवाडा बोलेश्वरी रोड, विरार पश्चिम में रहता था। तथा मूल निवासी-जिला पाली राजस्थान का था। बताया गया गया कि,पत्नी का प्रेमी के साथ पहले से प्रेम संबंध था। जब इसकी जानकारी पति रविन्द्रकुमार को हुआ तो वह पत्नी को समझाया,लेकिन उसे कोई फर्क नही पड़ा,जिसके बाद रविंद्रकुमार हताश होकर आत्महत्या कर लिया।

# महाराष्ट्र में कोविड की स्पीड सबसे खतरनाक

## 16 राज्य के 70 जिले दे रहे हैं सबसे ज्यादा टेंशन कोरोना का खतरा



**मुंबई :** कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर ने देश को फिर से मुश्किल में डाल दिया है. महाराष्ट्र में कोविड-19 से सबसे ज्यादा संक्रमण दर है. स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दो सप्ताह में 43 प्रतिशत नए केस बढ़े हैं, 37 प्रतिशत मौतों में बढ़ोतरी हुई है. केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में 43 फीसदी नए केस बढ़े हैं. उन्होंने कहा कि देश के 16 राज्यों के 70 जिले ने देश की टेंशन बढ़ा दी है. उन्होंने कहा कि इन जिलों में पिछले 15 दिनों में 150 प्रतिशत से ज्यादा नए केसों की बढ़ोतरी हुई है.भूषण ने कहा कि पंजाब में 1338 केस पिछले 15 दिन में औसतन हो रही है, 6.8 फीसदी संक्रमण दर है. राजेश भूषण ने कहा कि कर्नाटक में पॉजिटिविटी रेट 1.3 प्रतिशत है. उन्होंने कहा कि हमने कर्नाटक सरकार से जांच की संख्या बढ़ाने के लिए कहा है. भूषण ने कहा कि कई राज्यों में बढ़ रहे मौत के आंकड़ों के बावजूद भी देश में मृत्यु दर फिलहाल 2 प्रतिशत से कम ही है. स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि देश के कुल मामलों के 60 प्रतिशत केस सिर्फ महाराष्ट्र में ही हैं. उन्होंने बताया कि देश में 9 फरवरी को सबसे कम नए मामले सामने आए थे. आज, नए मामलों में हर हफ्ते के हिसाब से 43 प्रतिशत के बढ़ रहे हैं वहीं हर सप्ताह मौत के आंकड़ों में 37 प्रतिशत इजाफा हो रहा है स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि पिछले 24 घंटों में दिल्ली में 400 से ज्यादा नए मामले दर्ज किए गए हैं. राजधानी में पॉजिटिविटी रेट 1 प्रतिशत से कम है, हालांकि यह 0.4 प्रतिशत से बढ़कर 0.6 प्रतिशत हो गई है. उन्होंने बताया कि देश के 16 राज्यों के 70 जिलों में पिछले 15 दिनों में 150 फीसदी मामले बढ़े हैं.

# ठाणे में कोविड-19 के 1,804 नए मामले, छह और लोगों की मौत



**ठाणेः** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,804 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2,80,732 हो गई है।एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि ये नए मामले बुधवार को सामने आए।उन्होंने बताया कि जिले में इस वैश्विक महामारी से छह और लोगों की मौत हो गई जिससे मृतकों की संख्या 6,355 पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि ठाणे में कोविड-19 से मृत्यु दर 2.26 प्रतिशत है।जिले में अभी तक 2,63,139 लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं और इसके साथ ही लोगों के स्वस्थ होने की दर 93.73 प्रतिशत है।अधिकारीउन्होंने बताया कि ठाणे में कोविड-19 से मृत्यु दर 2.26 प्रतिशत है। जिले में अभी तक 2,63,139 लोग इस बीमारी से उबर चुके हैं और इसके साथ ही लोगों के स्वस्थ होने की दर 93.73 प्रतिशत है।अधिकारी ने बताया कि ठाणे में अभी 11,238 मरीजों का उपचार चल रहा है एक अन्य अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी पालघर जिले में कोविड-19 के 46,967 मामले हैं और इस संक्रामक रोग से 1,207 लोग जान गंवा चुके हैं।

# परमबीर की जगह हेमंत नगराले, सीनियर मोस्ट IPS को बनाया पुलिस कमिश्नर

## पवार का दबाव आया काम?मुंबई

**मुंबई :** मुकेश मनसुख हिरेन हत्या मामले में फंसे सचिन वझे की वजह से महाराष्ट्र सरकार और पुलिस विभाग की इज्जत पर बट्टा लग रहा था। अपनी गिरती साख बचाने और डैमेज कंट्रोल के लिए महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह की छुट्टी कर उनकी जगह हेमंत नागराले को कमिश्नर बना दिया है। सरकार ने इसके अलावा कुछ और आईपीएस अधिकारियों के तबादले भी किये हैं। लेकिन सियासी गलियारों से आने वाली खबरों के मुताबिक यह ट्रांसफर पवार की नाराजगी की वजह से हुआ है। आइए जानते हैं इन तबादलों के पीछे का पूरा सच!





**एनसीपी के दबाव में हुआ सीपी का तबादला?**

कुछ दिनों पहले शरद पवार ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ वर्षा बंगले पर मीटिंग की थी। इस मीटिंग में पवार इस पूरे प्रकरण से काफी नाराज बताए जा रहे थे। जिसके बाद दिल्ली में शिवसेना के कई नेताओं ने पवार से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा था। इसके अलावा भी गृहमंत्री अनिल देशमुख की इस तबादले के पहले मुख्यमंत्री के साथ दो बार मीटिंग हुई थी। एनसीपी ने मीटिंग में अपनी भूमिका स्पष्ट कर दी थी और कहा था कि मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को तत्काल हटाया जाना चाहिए। हालांकि कुछ शिवसेना नेताओं का मानना था कि फडणवीस के सामने सरेंडर होने से अच्छा है कि कुछ और अधिकारियों का तबादला करके इसे रूटीन ट्रांसफर बताया जाए।

**वझे की वजह से परमबीर की छुट्टी**

माना जा रहा है कि परमवीर सिंह का सचिन वझे पर भरोसा और उनके गलत कामों को नजरअंदाज करने की वजह से भी उन्हें हटाया गया है। इस मामले में सिंह से भी पूछताछ हो सकती है। घाटकोपर बम धमाकों के आरोपी ख्वाजा यूनुस की हत्या के मामले में निलंबित चल रहे पुलिस अधिकारी सचिन वझे को पुलिस विभाग में दोबारा लाने के लिए तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने एक हलफनामा भी दिया था।

संपादकीय


संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

# रेल मंत्री का आश्वासन

*जिस वक्त देश के दस लाख से अधिक बैंककर्मी सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों के निजीकरण की सरकारी घोषणा के खिलाफ हड़ताल पर थे, ठीक उसी समय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कल कहा कि भारतीय रेल का कभी निजीकरण नहीं होगा और यह हमेशा भारत सरकार के ही हाथों में रहेगी। रेल मंत्री के इस आश्वासन के निहितार्थ समझे जा सकते हैं। अलबत्ता, उन्होंने रेलवे में तेज सुधार के लिए पूंजीगत जरूरतों की खातिर निवेश को आकर्षित करने की बात भी कही। इसमें कोई दोराय नहीं कि पिछली कई सरकारें निजी-सार्वजनिक भागीदारी के जरिए भारतीय रेलवे के विकास को गति देने की कोशिशें करती रही हैं और स्टेशनों की साफ-सफाई से लेकर पेंट्री कार की सेवाओं तक में उन प्रयासों का फर्क भी दिखा है। पर इन दिनों सरकारी संस्थाओं के विनिवेश से जुड़ी जो सबसे बड़ी चिंता कर्मचारियों को है, वह उनकी नौकरी के भविष्य से जुड़ी है। साफ है, सरकार उन्हें आश्वस्त करने में विफल रही है कि इस कवायद में उनके हितों को लेकर पर्याप्त ह्यसेफगार्ड रखे जाएंगे। भारतीय रेलवे न सिर्फ देश में सबसे अधिक रोजगार मुहैया कराने वाले सरकारी संगठनों में से एक है, बल्कि यह देश के गरीब-गुरबों की भी सवारी है। यही वजह है कि पिछले कुछ दशकों में यह विभाग राजनीतिक वर्ग के लिए अपनी लोकप्रियता बढ़ाने का माध्यम बनकर रह गया। लोक-लुभावन बजटों में इसके तकनीकी विकास और इसकी पेशेवर जरूरतें हाशिए पर जाती रहीं। मगर सरकार अब इसके आधुनिकीकरण और तकनीकी तरक्की के प्रति प्रतिबद्ध दिख रही है, तो इसके लिए लाजिमी तौर पर उसे भारी आर्थिक संसाधनों की जरूरत होगी। अच्छी बात यह है कि भारतीय रेलवे के पास देश भर में भारी अचल संपत्ति है और सरकार उनके कुशल प्रबंधन से काफी संसाधन जुटा भी सकती है। लेकिन रह-रहकर रेलवे के निजीकरण की बात जनता में लौटती है, तो उसकी वजह यही है कि सरकार की तरफ से विगत समय में ऐसे प्रयोग हुए हैं, जो निजी क्षेत्र की ऐसी सहभागिता को प्रोत्साहित करते दिखे, जिनकी वजह से किराये में भारी बढ़ोतरी की आशंका भी साथ-साथ आई। रेलवे की आमदनी में कमी की एक वजह यह भी है कि देश में राजमार्गों के बेहतर होने से माल की ढुलाई ट्रकों व दूसरे भारी वाहनों के जरिए काफी होने लगी है।*

# हमें लॉकडाउन से आगे सोचना होगा




भारत में कोरोना का संक्रमण फिर से बढ़ने लगा है। गुरुवार को देश भर में 23,285 नए मामले सामने आए, जो 23 दिसंबर, 2020 के बाद एक दिन में नए मरीजों की सर्वाधिक संख्या है। इनमें से 60 फीसदी से अधिक (14,317 मामले) मरीज तो अकेले महाराष्ट्र में मिले हैं, जबकि केरल में 2,133 और पंजाब में 1,305 नए मरीजों का पता चला। रोजाना के मामलों में नई बढ़ोतरी कर्नाटक (783), गुजरात (710) और तमिलनाडु (685) जैसे राज्यों में भी दिख रही है। इस तरह से देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 1.97 लाख से ज्यादा हो गई है, जो कुल संक्रमित मरीजों का 1.74 प्रतिशत है। महाराष्ट्र को लेकर विशेष चिंता है। यहां 21 फरवरी को कोविड-19 मरीजों की संख्या 21 लाख को पार कर गई थी, पर 22 लाख के आंकडे. को छूने में इसे बमुश्किल 13 दिन लगे, जबकि 21 जनवरी को यह 20 लाख पर पहुंचा था। संक्रमण की इस बढ़ती रफ्तार के कारण ही नागपुर व अकोला जैसे इलाकों में लॉकडाउन लगाकर जनजीवन को रोक दिया गया है, और पुणे में रात्रिकालीन कर्फ्यू का एलान किया गया है। मुंबई में भी पॉजिटिविटी रेट (प्रति 100 जांच पर पॉजिटिव मामलों की दर) बढ़कर 7-7.5 फीसदी हो गई है और कहा गया है कि अगर यह दर 15 फीसदी के करीब पहुंच जाएगी, तो कई दूसरे प्रतिबंध आयद किए जाएंगे।

साफ है, संभलते हालात दोबारा से बिगड़ने लगे हैं। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। पहला कारण यह हो सकता है कि वायरस लगातार म्यूटेट (अपना चरित्र बदलना) कर रहा है। यह उसका नैसर्गिक गुण है। वह जितना अधिक फैलता है, उतना अधिक म्यूटेट करता है। अपने यहां हर महीने कम से कम दो बार वायरस अपना रूप बदल रहा है। चूंकि इसके संक्रमण को हम पूरी तरह से रोक नहीं पाए हैं, इसलिए इसका म्यूटेशन होता रहेगा। उल्लेखनीय है कि म्यूटेट वायरस फिर से पूरी आबादी के लिए खतरा बन जाता है। इससे संक्रमण का एक नया चरण आ सकता है। पिछली सदी के स्पेनिश फ्लू में हमने यह देखा था कि संक्रमण का दूसरा दौर जान-माल का भारी नुकसान दे गया।


दूसरा कारण यह हो सकता है कि हमारे शरीर में इसके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो गई हो।

छह-सात महीने में इसका खत्म होना स्वाभाविक है। हमारी तकरीबन 55-60 फीसदी आबादी इस वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित कर चुकी थी। चूंकि महाराष्ट्र, केरल, दिल्ली जैसे राज्यों में शुरूआत में ही वायरस का प्रसार हो गया था, इसलिए बहुत मुमकिन है कि यहां ह्यहर्ड इम्यूनिटी (करीब 60-70 फीसदी जनसंख्या में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाने की स्थिति) खत्म हो गई हो। नतीजतन, लोग फिर से संक्रमित होने लगे हैं। कई ऐसे मामले सामने आए भी हैं, जिनमें एक बार कोरोना से ठीक हुआ मरीज दोबारा इसकी गिरफ्त में आ गया है। ऐसे में, फिर से सीरो सर्वे कराने की जरूरत आन पड़ी है। इसमें ब्लड सीरम की जांच करके यह पता लगाया जाता है कि कोई आबादी वायरस से किस हद तक लड़ चुकी है। अब तक तीन देशव्यापी सर्वे हो चुके हैं। भले ही हर सर्वे में वायरस के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती दिखी, लेकिन जिस रफ्तार से इसके बढ़ने का अनुमान लगाया गया था, वह हो नहीं सका। यह बताता है कि मानव शरीर में एंटीबॉडी संभवतः खत्म हो रही है।

तीसरी वजह यह हो सकती है कि नए इलाकों में संक्रमण का प्रसार हो रहा होगा। महाराष्ट्र में अमरावती और नागपुर जैसे क्षेत्रों से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं.

घर-संसार

## कब है साल का पहला चंद्र ग्रहण, यहां देखें सूतक काल का समय और तारीख



पहला चंद्र ग्रहण 26 मई के दिन यह दोपहर 2 बजकर 17 रहेगा। वहीं दूसरा चंद्र ग्रहण 19 नवंबर को है। चंद्रमा जब धरती के ठीक पीछे आ जाता है तब चंद्र ग्रहण माना जाता है। ऐसा तब होता है जब सूरज, पृथ्वी और चंद्र एक सीधी रेखा में हों। ज्योतिष शास्त्र में ग्रहण को एक प्रमुख खगोलिय घटना माना जाता है। इसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है। साल 2021 का पहला चंद्र ग्रहण पंचांग के अनुसार 26 मई को है। इस वर्ष चंद्र ग्रहण को उपछाया ग्रहण कहा गया है। उपछाया चंद्र ग्रहण के समय धरती, चंद्र और सूरज एक सीधी लाइन में नहीं होते। इस साल दो बार चंद्र ग्रहण होने वाला है। पहला ग्रहण 26 मई 2021 को वैशाख मास की शुक्त पक्ष की पूर्णिमा को है। इस दिन यह दोपहर 2 बजकर 17 मिनट पर लगेगा और शाम 7 बजकर 19 मिनट तक रहेगा। वहीं दूसरा चंद्र ग्रहण 19 नवंबर को है ग्रहण के समय सूतक काल का विशेष महत्व होता है। चंद्र ग्रहण के वक्त सूतक काल 9 घंटे पूर्व आरंभ होता है, जबकि सूर्य ग्रहण के दौरान 12 घंटे पहले होता है। ग्रहण के दौरान सूतक काल के नियमों का पालन करना होता। इस दौरान शुभ कार्य वर्जित होते हैं। 26 मई 2021 को लगने वाले चंद्र ग्रहण में सूतक काल मान्य नहीं है। शास्त्रों के अनुसार उपछाया चंद्र ग्रहण होने पर सूतक काल के नियमों का पालन करना आवश्यक नहीं है। हालांकि सूतक काल में घर पर रहना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को खासतौर पर नियमों का पालन करना चाहिए। सूतक काल में खाना नहीं बनाना चाहिए। ग्रहण के बाद स्नान कर पूजा करनी चाहिए। पहला चंद्र ग्रहण भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, एशिया और प्रशांस महासागर में दिखाई देगा। वहीं 19 नवंबर को दूसरा ग्रहण भारत, उत्तरी यूरोप, प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका में दिखाई देने वाला है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों को दिया आशीर्वाद

## बोले- सामूहिक विवाह का बड़ा लाभ




**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ में गुरुवार को उत्तर प्रदेश श्रम एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की कन्या विवाह सहायता योजना के सामूहिक विवाह में लाभान्वित जोड़ों को आशीर्वाद देने के साथ समारोह में मौजूद लोगो को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह का समाज के लिए बड़ा लाभ है। एक ही छत के नीचे सभी धर्म तथा संप्रदाय के लोग लाभान्वित होते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुछ नव दंपतियों को विवाह के प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। उत्तर प्रदेश श्रम व सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की कन्या विवाह सहायता योजना के तहत गुरुवार को लखनऊ वृंदावन योजना में आयोजित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की 3507 बेटियों के सामूहिक विवाह हुए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर परिणय सूत्र में बंधे नवदंपतियों को उनके उज्ज्वल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कन्यादान को भारतीय परंपरा में श्रेष्ठतम दान माना गया है। यह कई यज्ञों से ज्यादा फलदायी माना गया है।

मैंने महसूस किया कि सामूहिक विवाह योजना का समाज के प्रत्येक तबके ने स्वागत कर सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है और यह योजना बहुत लोकप्रिय रही हैउन्होंने कहा जब मैंने समाज कल्याण विभाग की ओर से गरीब परिवारों की कन्याओं की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू की तो विपक्ष ने अंगुलियां उठाई थी कि यह गरीब कन्याओं और उनके परिवारीजनों का अपमान है। इस योजना के तहत अब तक पौने दो लाख गरीब बेटियों की शादी कराई जा चुकी है। इसके अलावा श्रम विभाग की योजनाओं के तहत भी बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह आयोजित किए गए हैं। सामूहिक विवाह योजना को सराहा गया है। इस योजना में कोई भी भेदभाव नहीं हुआ है। हमारी सरकार ने लोक कल्याण के लिए काम करने के साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाएं लागू की है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन भी इसी क्रम में किया जा रहा है।

## बैतूल जिले में मौसम बिगड़ा, भैंसदेही समेत अन्य क्षेत्रों में हुई बारिश

**बैतूल।** जिले में गुरुवार शाम करीब 4 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान पर काले बादलों का जमावड़ा होने के साथ ही हल्की बारिश प्रारंभ हो गई। बारिश के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। वर्तमान समय में खेतों में पककर खड़ीरबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं और चना की कटाई चल रही है। बारिश के कारण किसान खलिहान में जमा फसल को बचाने के जतन करने में जुट गए हैं।भैंसदेही से संतोष पाल ने बताया कि शाम करीब 4 बजे से क्षेत्र में हल्की बारिश का दौर जारी है।

दोपहर तक धूप खिली हुई थी इसके बाद अचानक मौसम बदल गया जिससे किसानों को अपने खलिहानों में रखी फसल को सुरक्षित करने का मौका ही नहीं मिल पाया।

## 17 मार्च गुरु बालकदास शहादत दिवस का आयोजन



**हरीश पांडल /तखतपुर :** 17 मार्च गुरु बालकदास शहादत दिवस का आयोजन भीम रेजीमेंट और सतनाम पुनर्जागरण मिशन के तत्वाधान में ग्राम पंचायत तोताकापा तखतपुर में आयोजित किया गया इस आयोजन में भीम रेजीमेंट के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिनेश चतुर्वेदी जी, उमेश सोनवानी प्रदेश महासचिव भीम रेजीमेंट,जे पी डहरे सतनाम पुनर्जागरण संगठन के अध्यक्ष,कोमल दिवाकर केंद्रीय कमेटी सदस्य सतनाम पुनर्जागरण मिशन,इंद्र कुमार भारद्वाज जिला प्रभारी बिलासपुर एस पी एम , हेमचंद्र मिरि, जयंती रत्नाकर, सोशल जस्टिस लीगल सेल के श्री शैलेश कुर्रे, भुपेंद्र बांधी, जितेंद्र गेंदले,लकी कुर्रे जिला प्रभारी मुंगेली सतनाम पुनर्जागरण मिशन,नोबिल नवरंग जिलाध्यक्ष मुंगेली बी एस पी, प्रेमचंद कुर्रे,अन्नु मलिक चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मुंगेली,मानेष घृतलहरे भीम रेजीमेंट मुंगेली, सतनाम पुनर्जागरण मिशन और भीम रेजीमेंट के तत्वाधान में गुरु बालकदास शहादत दिवस का सफल आयोजन किया गया भविष्य में मूलनिवासी समाज के सभी महापुरुषों की जयंती और शहादत का सफलतापूर्वक आयोजन इसी तरह साझा मोर्चा बनाकर संयुक्त रुप से किया जायेगा।

## अक्षय कुमार ने फिल्म राम सेतु की यूनिट के साथ रामलला के दरबार में की मुहूर्त पूजा की




**अयोध्या :** रामनगरी अयोध्या में फिल्म स्टार अक्षय कुमार ने फिल्म राम सेतु की स्टार कास्ट के साथ गुरुवार को रामलला के दरबार में फिल्म के मुहूर्त की पूजा की। इस मौके पर उनके साथ अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज के साथ नुसरत भारूचा और फिल्म निमार्ता-निर्देशक-लेखक अभिषेक शर्मा भी थे। प्रख्यात अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म राम सेतु की स्टार कास्ट के साथ रामनगरी अयोध्या में हैं। अयोध्या में अक्षय कुमार अपनी फिल्म राम सेतु का मुहुर्त शॉट भी फिल्माएंगे।सामाजिक विषयों पर लगातार बेहतरीन फिल्में बनाकर शोहरत बटोरने वाले फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार अब फिल्म राम सेतु के निर्माण में लग गए हैं। खिलाड़ी कुमार के नाम से भी विख्यात अक्षय कुमार को रामलला के दरबार में पूजा कराई गई। इससे पहले राम की पैड़ी पर फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार का कार्यक्रम रद हो गया।

## बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह को भारत रत्न देने नीतीश सरकार करेगी सिफारिश

**पटना:** बिहार विधान परिषद से बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री और बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह को भारत रत्न देने की मांग उठी है। श्री बाबू को भारत रत्न देने के लिए नीतीश कुमार की सरकार केंद्र सरकार से सिफारिश करेगी। विधान परिषद में संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने सरकार के जवाब में सदन में यह घोषणा की । विधान परिषद में ध्यानाकर्षण के दौरान भाजपा के सच्चिदानंद राय के सवाल के जवाब में मंत्री ने यह जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने सच्चिदानंद राय के साथ अन्य सदस्यों से सभी अपने-अपने स्तर पर पहल करने की मांग की। उन्होंने ने सदन को बताया कि सरकार पहले कर्पूरी ठाकुर और राममनोहर लोहिया को भी भारतरत्न देने की अनुशंसा कर चुकी है।

# सकारात्मकता का महत्व




ये कहानी आपके जीने की सोच बदल देगी !*एक दिन एक किसान का बैल कुएँ में गिर गया। वह बैल घंटों जोर -जोर से रोता रहा और किसान सुनता रहा और विचार करता रहा कि उसे क्या करना चाहिऐ और क्या नहीं।अंततः उसने निर्णय लिया कि चूंकि बैल काफी बूढा हो चूका था अतः उसे बचाने से कोई लाभ होने वाला नहीं था और इसलिए उसे कुएँ में ही दफना देना चाहिए।किसान ने अपने सभी पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया सभी ने एक-एक फावड़ा पकड़ा और कुएँ में मिट्टी डालनी शुरू कर दी। जैसे ही बैल कि समझ में आया कि यह क्या हो रहा है वह और जोर-जोर से चीख चीख कर रोने लगा और फिर ,अचानक वह आश्चर्यजनक रुप से शांत हो गया।सब लोग चुपचाप कुएँ में मिट्टी डालते रहे तभी किसान ने कुएँ में झाँका तो वह आश्चर्य से सन्न रह गया.अपनी पीठ पर पड़ने वाले हर फावड़े की मिट्टी के साथ वह बैल एक आश्चर्यजनक हरकत कर रहा था वह हिल-हिल कर उस मिट्टी को नीचे गिरा देता था और फिर एक कदम बढ़ाकर उस पर चढ़ जाता था। जैसे-जैसे किसान तथा उसके पड़ोसी उस पर फावड़ों से मिट्टी गिराते वैसे -वैसे वह हिल-हिल कर उस मिट्टी को गिरा देता और एक सीढी ऊपर चढ़ आता जल्दी ही सबको आश्चर्यचकित करते हुए वह बैल कुएँ के किनारे पर पहुंच गया और फिर कूदकर बाहर भाग गया । आपको आगे बढ़ने से रोकने के लिए कोई बेकार में ही आपकी आलोचना करेगा.. कोई आपकी सफलता से ईर्ष्या के कारण आपको बेकार में ही भला बुरा कहेगा.



## सर्दियों की सुस्ती और आलस भागने के लिए करें ये 4 योगासन

सर्दियों में सुबह उठते ही कई लोगों को शरीर में अकड़न और दर्द महसूस होता है। ऐसे में सुबह-सुबह योग करना आपको इस अकड़न और दर्द से निजात दिला सकता है। सर्दियां ज्यादातर लोगों को आलसी और सुस्त बना देती है। ऐसे में अक्सर लोग योगा और एक्सरसाइज करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। पर हिमालयन सिद्धा के ग्रैंड मास्टर, अक्षर की मानें, तो कुछ ऐसे आसान योगासन हैं, जिनकी मदद से आप सर्दियों की इस सुस्ती और आलस को दूर कर सकते हैं। खास बात ये है कि ये योगासन आपके शरीर को अंदर से गर्म करेगें और आपको एक एनर्जेटिक सुबह की शुरूआत देगें। ग्रैंड मास्टर अक्षर कहते हैं कि जब आप योग के साथ अपनी सुबह कि शुरूआत करते हैं तो, यह सुनिश्चित हो जाता है कि आप दिन भर ऊजार्वान रहेंगे। इसलिए अगर आप सर्दियों की सुस्ती को दूर भगानाचाहते हैं, तो हफ्ते में कम से कम तीन बार योग जरूर करें। इसकी शुरूआत पहले वॉर्म अप से करें और उसके बाद ये 4 योगासन करें। ग्रैंड मास्टर अक्षर की मानें, तो आपकी कसरत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू होता है कि गर्मजोशी के साथ दिनचर्या की शुरूआत हो। एक अच्छे वार्म अप रूटीन के साथ कम से कम 10 से 15 मिनट कि कसरत से न केवल आपके प्रदर्शन में सुधार होता है.

## कंगना रनोट ने राजनीति में कदम रखने को लेकर कही ये बात



फिल्म अभिनेत्री कंगना रनोट ने दावा किया है कि वर्तमान में अभी उनका चुनावी राजनीति में आने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कुछ वर्ष पहले चुनाव लड़ने का प्रस्ताव ठुकरा दिया था’ कंगना रनोट हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले से है’ अब उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि फिलहाल वह चुनावी राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं रखती है’कंगना रनोट ने यह भी दावा किया है कि वह जब भी चुनाव लड़ेंगी, तब हिमाचल प्रदेश से नहीं लड़ेंगी, बल्कि किसी ऐसी जगह से लड़ना पसंद करेंगी’ जहां की परिस्थितियां बहुत ही वितरित होंग ी’ कंगना रनोट ने ये बातें एक ट्वीट के जवाब में देते हुए कहा’ दरअसल ट्वीट में भविष्यवाणी की गई थी कि वह जल्द मंडी लोकसभा से चुनाव लड़ सकती हैं’ वहां के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हुआ है’कंगना रनोट ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, मुझे 2019 के लोकसभा चुनाव में ग्वालियर से लड़ने का विकल्प दिया गया था’ हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या 70 से 80 लाख है’ यहां पर गरीबी और अपराध अधिक नहीं है’ अगर मैं राजनीति में आती हूं तो मैं ऐसे राज्य में आऊंगी जहां पर चुनौतियां बहुत ज्यादा होंगी और मैं मेहनत करके रानी बनने का प्रयास करूंगी’ तुम जैसी छोटी मछली बड़ी बातें नहीं समझ पाएगी’कंगना ने यह भी कहा, हिमाचल प्रदेश में आज एक राजनेता की मौत हुई है और हर बेवकूफ छोटी बातें करने में लगा है’ उन्हें ऐसी बातें करने से पहले मेरे लेवल को समझना चाहिए’ इस बात को ध्यान में रखें कि बब्बर शेरनी राजपूताना कंगना रनोट के बारे में आप बात कर रहे हैं तो आप छोटी बात ना करें’ कंगना रनोट जल्द फिल्म थलैवी में नजर आएंगी जो कि जे. जयललिता की बायोपिक है’ इसके अलावा वह धाकड़ और तेजस में भी नजर आएंगी। कंगना रनोट सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है’

# विराट कोहली द्वारा बल्लेबाजों के गलत इस्तेमाल से हैरान हैं अजय जडेजा

## कहा- वेस्ट की जा रही है काबिलियत

**नई दिल्ली:** इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेले गए तीन टी20 मैचों में भारत को दो में हार मिली। टीम इंडिया को मिली हार से कई सवाल खड़े हो रहे हैं जिसमें टीम सेलेक्शन, खिलाड़ियों का बल्लेबाजी क्रम जैसी बातें शामिल है। पिछले तीन मैचों में भारतीय बल्लेबाजों का जिस तरह से बल्लेबाजी क्रम बदला गया और जिस तरह से खिलाड़ियों को टीम से अंदर-बाहर किया गया वो कहीं से भी सही नहीं था। टीम की बल्लेबाजी क्रम को लेकर अब पूर्व खिलाड़ी अजय जडेजा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अजय जडेजा ने हार्दिक पांड्या का भी जिक्र किया और कहा कि वो अपने आइडियल पोजिशन पर बल्लेबाजी नहीं कर रहे हैं। क्रिकबज से बात करते हुए अजय जडेजा ने कहा कि, हार्दिक पांड्या जैसे पावर-हिटर की काबिलियत को किस तरह से वेस्ट किया जा रहा है साथ ही उन्होंने कहा




कि, पांड्या को नंबर छह और नंबर सात पर बल्लेबाजी करवाने की जगह थोड़ा उपर बल्लेबाजी करवानी चाहिए। अजय जडेजा ने कहा कि, मुझे लगता है कि कुछ खिलाड़ी अपने आइडियल बल्लेबाजी पोजिशन पर नहीं खेल रहे हैं। उदाहरण के तौर पर हार्दिक पांडया जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं उसका मैं जबरदस्त फैन हूं। जब वो बल्लेबाजी करने के लिए आते हैं तो इंग्लैंड के किन गेंदबाजों की गेंदबाजी बची रहती है।

उस समय तक जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड जैसे गेंदबाजों का एक-एक ओवर बचा रहता है या फिर एक-दो ओवर अन्य किसी गेंदबाजों के रहते हैं। उन्होंने कहा कि, हार्दिक पांड्या जैसे बल्लेबाज जिनमें बड़े शॉट्स लगाने की काबिलियत है उन्हें ऐसी जगह लाना चाहिए जहां वो बीच के ओवर में गेंदबाजी करने आने वाले क्रिस जॉर्डन या सैम कुर्रन जैसे गेंदबाजों का सामना करें।

## पूर्व ऑलराउंडर इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड को व्हाइट बॉल क्रिकेट में दी नई पहचान

**नई दिल्ली:** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने इयोन मोर्गन की प्रशंसा की और कहा कि आधुनिक समय के कप्तान ने इंग्लैंड क्रिकेट को व्हाइट बॉल वाले क्रिकेट में पहचान दिलाई है। मंगलवार को कप्तान मोर्गन पहले इंग्लैंड के क्रिकेटर बन गए, जिन्होंने 100 ळ20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज इयोन मोर्गन ने भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ये उपलब्धि हासिल की। फ्लिंटॉफ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे इंग्लैंड को खेल के सबसे लंबे प्रारूप में सफलता मिली, लेकिन सफेद गेंद वाले क्रिकेट में मोर्गन ने कुछ ऐसा किया जो कोई अन्य खिलाड़ी कभी नहीं कर सकता था। एंड्रयू फ्लिंटॉफ ने ट्वीट करते हुए लिखा है, मेरी राय में इंग्लैंड के सबसे बड़े आधुनिक कप्तान के रूप में उन्होंने ऐसा कुछ किया है जो कोई और कभी नहीं कर सकता। हमने हमेशा टेस्ट क्रिकेट में सफलता हासिल की है और हम अब भी करते हैं, लेकिन सफेद गेंद के क्रिकेट में आखिरकार उन्होंने क्रिकेट को एक पहचान दी है और लगातार सबसे अच्छा कर रहे हैं। फ्लिंटॉफ ने बेन स्टोक्स के ट्वीट को रिट्वीट किया है, जिसमें स्टोक्स ने मोर्गन को महान बताया है और लिखा है, इस व्यक्ति ने इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद क्रिकेट को बदल दिया, एक महान रोल मॉडल एक महान कप्तान और एक बेहतर इंसान। स्टोक्स ने उस तस्वीर को भी शेयर किया है, जब उन पर चार छक्के पड़े थे और टी20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला टीम हार गई थी।

# वीरेंद्र सहवाग ने किया खुलासा

## बताया फिटनेस के लिए विराट कोहली में इतना जुनून कहां से और कैसे आया

**नई दिल्ली:** औसत क्षेत्ररक्षण और कैच छोड़ना भारतीय क्रिकेट में कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब यह मौजूदा भारतीय टीम द्वारा निर्धारित हाई फील्डिंग और फिटनेस मानकों के बावजूद होता है, तो यह आश्चर्यचकित करने वाला है। भारतीय खिलाड़ी मौजूदा समय में शारीरिक रूप से कितने अच्छे हैं, ये हर कोई जानता है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्ररक्षण का मानक इसके साथ न्याय नहीं करता है। इसी को लेकर वीरेंद्र सहवाग ने खुलासा किया है कि कप्तान विराट कोहली फिटनेस को लेकर इतने जुनूनी क्यों और कैसे बने हैं। भारतीय क्रिकेट




टीम के मौजूदा कप्तान विराट कोहली ने खुद स्वीकार किया कि वह इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच के दूसरे भाग में टीम की शारीरिक भाषा से बहुत खुश नहीं थे। यहां तक कि जब राहुल तेवतिया और वरुण चक्रवर्ती टी20 सीरीज से पहले अपने फिटनेस टेस्ट में विफल रहे, तो कोहली ने इस बात पर जोर दिया कि वे मैदान पर कोई समझौता नहीं कर सकता है। ऐसे में यह कहना सुरक्षित होगा कि भारतीय कप्तान अपनी इस भारतीय टीम में फिटनेस को लेकर कोई भी समझौता नहीं कर सकते।कप्तान कोहली इतने फिटनेस फ्रीक कैसे बने इस पर सहवाग ने 2011-12 के इंग्लैंड दौरे का जिक्र किया, जहां युवा विराट कोहली भी टेस्ट और सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा थे। सहवाग ने क्रिकबज से बात करते हुए कहा, मैंने आखिरी बार 2011/12 में इंग्लैंड में दो टेस्ट मैच खेले थे। मैंने एक मैच द ओवल में खेला और एक बर्मिंघम में। सभी काउंटी टीमें जो वहां हैं, उनके ड्रेसिंग रूम में एक चार्ट है, जो फिटनेस के मानकों को प्रदर्शित करता है।

# पूर्व भारतीय ओपनर ने विराट कोहली को दी धौनी वाली सलाह, बोले- ऐसे फॉर्म में आएंगे केएल राहुल



**नई दिल्ली:** अब से कुछ घंटों के बाद भारतीय टीम को मजबूत इरादों वाली इंग्लैंड की टीम से पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मुकाबले में दो-दो हाथ करना है। इंग्लैंड की टीम इस टी20 सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाए हुए है। ऐसे में भारतीय टीम चौथा मुकाबला जीतकर सीरीज बराबर करना चाहेगी, लेकिन विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम इस समय शीर्ष क्रम के विफल रहने की समस्या से जूझ रही है।खासकर केएल राहुल फॉर्म में नहीं हैं, जो कि एक मैच विनर हैं। इसी वजह से पूर्व भारतीय ओपनर और मौजूदा क्रिकेट कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कप्तान विराट कोहली को एक सलाह दी है और एमएस धौनी की कप्तानी का जिक्र किया है। केएल राहुल लगाचार चार मैचों में फेल रहे हैं। आखिरी चार टी20 मैचों की बात करें तो वे तीन बार शून्य पर आउट हुए हैं, जबकि एक पारी में वे सिर्फ एक रन बना सके हैं।दरअसल, चौथे टी20 मैच से पहले आकाश चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम पांच गेंदबाजों के साथ नहीं उतरेगी तो ऐसे में ओपनिंग स्लॉट से छेड़छाड़ की जा सकती है और कप्तान विराट कोहली को ऐसा करना चाहिए,

जो उनके साथ एमएस धौनी ने साल 2014 के इंग्लैंड दौरे के बाद किया था। आकाश चोपड़ा का मानना है कि केएल राहुल को चौथे नंबर पर खिलाना चाहिए, ताकि वे फॉर्म हासिल कर सकें।आकाश चोपड़ा ने ट्वीट करते हुए

# सचिन वाझे के चलते ही गिरी मुंबई कमिश्नर पर गाज, मंत्री बोले- छवि खराब हुई है

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर स्कॉर्पियो कार की बरामदी और मुंबई पुलिस के ऑफिसर सचिन वाझे की गिरफ्तारी ने कई सवाल खड़े हुए हैं। इस बीच बुधवार को उद्धव सरकार ने मुंबई पुलिस के कमिश्नर परमबीर सिंह का तबादला कर दिया। मुंबई पुलिस कमिश्नर के तबादले पर अब उद्धव सरकार के मंत्री नवाब मलिक का बयान




सामने आया है। सीएम ने मुंबई सीपी को स्थानांतरित करने के लिए प्रशासनिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सचिन वाझे की वजह से मुंबई पुलिस की छवि धूमिल हुई। उनकी बहाली मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर की अध्यक्षता वाली समिति के तहत की गई थी। नवाब मलिक ने कहा कि कुछ क्रेडिबिलिटी तय करनी थी इसलिए उनका तबादला किया गया है।

**डीजी होमगार्ड की जिम्मेदारी संभालेंगे परमबीर**

बता दें कि उद्धव सरकार ने परमबीर सिंह का ट्रांसफर कर उद्धव सरकार ने उन्हें अब डीजी होमगार्ड की जिम्मेदारी सौंप दी है। उनकी जगह पर हेमंत नगराले को मुंबई पुलिस का कमिश्नर नियुक्त किया गया है। नगराले ने जिम्मेदारी संभाल ली है।

मुंबई पुलिस कमिश्नर के तबादले की जानकारी खुद महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने ट्वीट कर दी।

## खिड़की की ग्रिल में अटकी कोविड सेंटर से भाग रही 18 साल की युवती



**पुणे :** पुणे शहर के क्वारंटाइन सेंटर में भर्ती एक 18 साल की युवती ने रात को भागने का प्रयास किया था। इस प्रयास के दौरान खिड़की की ग्रिल में युवती बुरी तरह से फंस गई और आखिरकार दिल को तोड़ कर युवती को बचाना पड़ा। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है

जानकारी के मुताबिक पुणे जिले के एंडरवने इलाके में मौजूद बमहीला सेवा मंडल के क्वारंटाइन सेंटर में यह घटना घटी है। 18 साल की युवती मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली बताई जा रही है। युवती ने कमरे की खिड़की से बाहर भागने का प्रयास किया था। युवती को क्वारंटाइन सेंटर के दूसरे फ्लोर पर मौजूद कमरे में रखा गया था। यह घटना रात तकरीबन 11:30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। युवती को सकुशल रेस्क्यू कराने के लिए क्वारंटाइन सेंटर के लोगों ने इस घटना की जानकारी पुणे फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने हाइड्रो कटर की मदद से इस युवती को बचाने में सफलता पाई है। फिलहाल युवती को दोबारा पीएमसी अधिकारियों के हवाले कर दिया गया है।

## 245 लोग और 19400 रुपए फाइन, मुंबई में कोरोना नियम उल्लंघन करने पर एक रेस्टोरेंट पर ऐसे गिरी गाज



मुंबई : महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों की वजह से अब पाबंदियां के दिन लौट आए हैं। मुंबई में कोरोना नियमों के उल्लंघन मामले में एक रेस्टोरेंट पर गाज गिरी है। पुलिस ने कोविड-19 से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में मुंबई के एक मशहूर रेस्त्रां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि नगर निकाय की एक टीम ने बुधवार की रात को ब्रीच कैंडी इलाके में स्थित ऑबर-गिन प्लेट्स एंड पॉर्स रेस्त्रां पर छापा मारा और मास्क न पहनने के लिए वहां मौजूद 245 लोगों से जुमार्ने के तौर पर 19,400 रुपये एकत्रित किए बीएमसी अधिकारियों ने बताया कि रेस्त्रां में तय सीमा से अधिक लोग मौजूद थे और न उन्होंने मास्क पहन रखा था और न ही सामाजिक दूरी के नियम का पालन किया था। बीएमसी की शिकायत पर पुलिस ने रेस्त्रां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। नगर निकाय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीएमसी के डी-वार्ड ने कोविड-19 संबंधित नियमों के उल्लंघन के लिए रेस्त्रां को बंद भी कर दिया है।







## गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**नालासोपारा:** तुलिंज पुलिस ने एक 35 वर्षीय महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की तहकीकात में जुटी है मिली जानकारी के अनुसार,तुलिंज पुलिस स्टेशन की डिटेक्शन ब्रांच की टीम ने 9 मार्च को नालासोपारा पूर्व के सनसाइन क्षेत्र गांजा मामले को लेकर कार्रवाई की है। सहायक पुलिस निरीक्षक पालंडे ने बताया कि,महिला के पास से 220 ग्राम वजन गांजा व अन्य सामग्री जप्त की गई है। जिसकी कुल कीमत 6 हजार 325 रुपये आकी गई है। आरोपी महिला शबाना उर्फ शब्बो अस्लम शेख (35) को गिरफ्तार किया है। आगे की जांच जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल : newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net